# ज़रा सिर खुजलाइए

पिछले अंक के सवाल में घड़ी का एक डायल दिया गया था। जिसमें 1 से 12 तक के अंक दिए गए थे। आपको डायल को चार हिस्सों में इस तरह काटना था कि हर हिस्से में आए अंकों का योग 20 हो।

जैसा कि सवाल पूछते समय ही बताया गया था कि डायल को काटने के एक से ज़्यादा तरीके हो सकते हैं। यहां डायल को काटने के कुछ तरीके दिए जा रहे हैं। इसके अलावा और भी तरीके हैं। आप कोशिश करके देखिए।

